न्यायालय उपखण्ड अधिकारी उनियारा(टोक)

(श्री कैलाश चन्द गुर्जर आर.ए.एस उपखण्ड अधिकारी उनियारा द्वारा अध्यासित)

प्रार्थना पत्र– 95/2018

निर्णय दिनांक– 8.8.2018

पाना पुत्री कल्याण जाति गुर्जर निवासी सूथडा तहसील उनियारा जिला टोक (राज0)

प्रार्थीया

बनाम

तहसीलदार उनियारा तहसील उनियारा जिला टोक (राज0)

प्रतिपक्षी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राज0 भू राजस्व अधिनियम

उपस्थितः– श्री हरिराजसिंह वकील प्रार्थी

तहसीलदार उनियारा प्रतिपक्षी न0 1

निर्णय

प्रार्थीयां द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के तथ्य संक्षिप्त मे निम्न प्रकार हैः–

यह कि प्रार्थीयां के संयुक्त खातेदारी व कब्जे काश्त की आराजी खाता संख्या 7 ख0न0 13 रकबा 2.47 है0 वाके ग्राम उदयपुरियां तहसील उनियारा जिला टोंक राजस्थान मे स्थित है, जिसमे प्रार्थीया का 1/12 हिस्सा राजस्व रेकार्ड मे दर्ज है। प्रार्थीया का अपने हिस्से पर बिना किसी बाधा के कब्जा काश्त चला आ रहा है। प्रार्थीया का सही एवं वास्तविक नाम पाना पुत्री कल्याण जाति गुर्जर निवासी सूथडा तहसील उनियारा है जो कि प्रार्थीया के खातेदारी की भूमि खाता संख्या 79 ग्राम सूथडा, पहचान पत्र , आधार कार्ड, राशन कार्ड, भामाशाह कार्ड व अन्य दस्तावेजात में अंकित है, परन्तु राजस्व रेकार्ड जमाबन्दी खाता संख्या 7 ग्राम उदयपुरियां मे प्रार्थीया का नाम सहवन से पारी पुत्री कल्याण दर्ज कर दिया गया, जिससे प्रार्थीया अपने हिस्से पर केसीसी बनवाने, कृषि अनुदान प्राप्त करने व सरकारी योजनाओं आदि का लाभ उठाने से भी वंचित हो गई है।

यह कि प्रार्थी की अधियाचना है कि राजस्व रेकार्ड जमाबन्दी प्रर्थीया का नाम पारी पुत्री कल्याण के स्थान पर पाना पुत्री कल्याण दुरूस्त फरमावे।

उक्त प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर कर प्रतिपक्षी को जारिये नोटिस तलब किया गया।

उप खण्ड अधिकारी
उनियारा

Scanned by CamScanner

पेरोकार सरकार नायब तहसीलदार उनियारा द्वारा दिनांक 18.7.2018 को जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि राजस्व रेकार्ड जमावन्दी मे प्रार्थीया का नाम दुरूस्त करने पर राजहित प्रभावित नही होता है। मुताबिक पहचान दस्तावेज एवं सलंग्न जमाबन्दी नकल खाता संख्या 79 मे भी पाना पुत्री कल्याण दर्ज है।

उभय पक्षों की बहस सुनी गई। बहस पर गौर किया गया। पत्रावली एवं उस पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। नकल जमाबन्दी सम्वत 2072–2075 वाके ग्राम उदयपुरियां खाता संख्या 7 ख0न0 13 रकबा 2.47 मे पारी पुत्री कल्याण हिस्सा 1/12 जाति गुर्जर सा0 सूथडा खातेदार दर्ज है। नकल जमाबन्दी सम्वत 2074–2077 वाके ग्राम सूथडा खाता संख्या 79 मे पाना पुत्री कल्याण हिस्सा 1/8 जाति गूजर सा0 देह खातेदार दर्ज है।

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि पाना पुत्री कल्याण व पारी पुत्री कल्याण दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। नायब तहसीलदार ने अपने जवाब मे प्रार्थीया का नाम दुरूस्त किये जाने मे कोई आपत्ति नही की है। इसके अलावा ग्राम सूथडा खाता संख्या 79 मे पाना पुत्री कल्याण अंकित है। उपरोक्त तथ्यों के मध्यनजर न्यायालय प्रार्थीयां के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करना उचित समझता है। अतः प्रार्थीयां का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार उनियारा को आदेशित किया जात है। कि वे खाता संख्या 7 मे वर्णित आराजी ख0न0 13 रकबा 2.47 है0 मे पारी पुत्री कल्याण हि0 1/12 के स्थान पर पाना पुत्री कल्याण 1/12 अंकित कर राजस्व रेकार्ड को दुरूस्त करे।

यह निर्णय आज दिनांक 8.8.2018 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(कैलाश चन्द गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी उनियारा

उप खण्ड अधिकारी
उनियारा

Scanned by CamScanner